बरेली, बुधवार
15 जुलाई, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24

# दैनिक जागरण

PAGE NO : 08 BOTTOM

## केपीएस व एसआरएमएस जूनियर फाइनल में

**बरेली** : मनीष क्रिकेट एकेडमी में आयोजित अंडर-14 मनीष क्रिकेट कप के सेमीफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज कर एसआरएमएस जूनियर और केपीएस क्रिकेट एकेडमी ने फाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले सेमीफाइनल में एसआरएमएस जूनियर ने एसआरएमएस ब्लू को दो विकेट से हराया। एसआरएमएस ब्लू की ओर से अंशुमन कश्यप ने 42 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। गेंदबाजी में एसआरएमएस जूनियर के मोहम्मद समीर, हिमांशु गंगवार और मोहम्मद सर्राफ अली ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आयुष करन ने 18 रन की उपयोगी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। दूसरे सेमीफाइनल में केपीएस क्रिकेट एकेडमी ने मनीष क्रिकेट एकेडमी को 19 रन से पराजित किया। केपीएस की जीत में प्रिंस ने 18 रन बनाने के साथ दो विकेट भी लिए और प्लेयर आफ द मैच बने। मनीष क्रिकेट एकेडमी की ओर से वसु जोसेफ ने 48 रन की जुझारू पारी खेली। केपीएस के गेंदबाज मगन, श्रेष्ठ और विशेष सैनी ने तीन-तीन विकेट लेकर टीम को फाइनल का टिकट दिलाया। वि.